सं. ए-12011/04/2019-प्रशा.I ए

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**आर्थिक कार्य विभाग**

कमरा नं. 230, नॉर्थ ब्लॉक,

नई दिल्ली, दिनांकः 21 मई, 2021

**परिपत्र**

**विषयः वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर सहायक (बाह्य) का एक पद, सहायक अधीक्षक का एक पद और अपर बजट अधिकारी (एबीओ) के एक पद को भरने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय सरकार के अंतर्गत कार्यरत उपयुक्त और पात्र अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों को भरे जाने का प्रस्ताव है।

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल | संशोधन-पूर्व वेतनमान | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक (बाह्य) | 01 | लेवल-6 35400-112400/- रु. | वेतन बैंड-2 (9300-34800/-रु.) ग्रेड वेतन 4200/- | प्रतिनियुक्ति/ आमेलन |
| 2. | सहायक अधीक्षक | 01 | लेवल-7 44900-142400/- रु. | वेतन बैंड -2 (9300-34800/-रु.) ग्रेड वेतन 4600/- | प्रतिनियुक्ति/ प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति) |
| 3. | अपर बजट अधिकारी | 01 | लेवल-12 78800-209200/- रु. | वेतन बैंड -3 (15600-39100/-रु.) ग्रेड वेतन 7600/- | प्रतिनियुक्ति/ प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति) |

2. सहायक (बाह्य) का एक पद, सहायक अधीक्षक का एक पद और अपर बजट अधिकारी (एबीओ) के एक पद को भरने की पात्रता शर्तें **क्रमशः अनुबंध-I, II व III** में दी गई हैं।

3. अनुरोध है कि ऐसे पात्र और इच्छुक अधिकारी, जिन्हें चयन हो जाने पर तुरंत कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) निम्नलिखित दस्तावेजों सहित, रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से **60 दिन के भीतर अनुबंध-IV** में निर्धारित प्रपत्र में इस विभाग को अग्रेषित कर दिए जाएं:-

(i) पिछले पांच वर्ष की गोपनीय रिपोर्टों सहित वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट डोजियर। गोपनीय रिपोर्ट डोजियरों की फोटो-प्रतियां होने की स्थिति में, उन फोटोप्रतियों को कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार के स्तर के अधिकारी से विधिवत सत्यापित करवा कर भेजा जाए (प्रत्येक पृष्ठ सत्यापित किया जाए)।

(ii) सतर्कता/अनुशासनिक अनापत्ति।

(iii) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।

(iv) पिछले दस वर्ष के दौरान लगायी गयी बड़ी/छोटी शास्ति दर्शाने वाला विवरण। सूचना 'शून्य' होने पर भी विवरण अपेक्षित है।

(v) संवर्ग अनापत्ति।

4. ऐसे आवेदन पत्र जो अधूरे भरे गए, बिना उचित माध्यम के भेजे गए तथा उपर्युक्त दस्तावेजों के बिना होंगे और देय तारीख के बाद प्राप्त होंगे उन पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी को आवेदन करने के पश्चात् अपना आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संजीव

**(संजीव गुप्ता)**

**अवर सचिव, भारत सरकार**

सेवा में,

सहायक सम्पादक (विज्ञापन)

रोजगार समाचार पत्र, प्रकाशन प्रभाग

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,

सातवां तल, सूचना भवन, लोधी रोड

सी. जी. ओ. कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली - 110003

**अनुबंध-I**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पदनाम | : | सहायक **(बाह्य)** |
| 2. | रिक्त पदों की संख्या | : | एक |
| 3. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा,<br>समूह-'ग' (अराजपत्रित) |
| 4. | मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. | वेतनमान | : | 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6 |
| 6. | भर्ती की पद्धति | : | प्रतिनियुक्ति/आमेलन |
| 7. | पात्रता की शर्तें | : | |

**प्रतिनियुक्ति/आमेलन:**

केंद्रीय सरकार के अधिकारी:-

**(क)** (i) जो नियमित आधार पर सदृश पदधारी हों; अथवा

(ii) लेवल-4 (25500-81100/-रु.) [संशोधन-पूर्व वेतन बैंड.1 (5200-20200/-रु.) ग्रेड वेतन 2400/-] (4000-100-6000/-रु. का वेतनमान (5वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार)) में ग्रेड में आठ वर्षों की नियमित सेवा पूरी कर चुके केंद्रीय सचिवालय लिपिकीय सेवा के उच्च श्रेणी लिपिक, जिन्होंने सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान से रोकड़ तथा लेखा में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो।

(iii) लेवल-4 (25500-81100/-रु.) [संशोधन-पूर्व वेतन बैंड.1 (5200-20200/- रु.) ग्रेड वेतन 2400/-] (4000-100-6000/-रु. का वेतनमान (5वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार)) में ग्रेड में आठ वर्षों की नियमित सेवा पूरी कर चुके संगठित लेखा विभाग अर्थात रक्षा लेखा विभागों/भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभागों/भारतीय सिविल लेखा विभाग/भारतीय रेलवे लेखा विभाग/भारतीय डाक और तार लेखा तथा वित्त विभाग में चयन ग्रेड के उच्च श्रेणी लिपिक।

**ख. वांछनीय:**

बजट, रोकड़ ओर लेखा में 3 वर्षों का अनुभव,

टिप्पण 1- केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति के तुरंत पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

टिप्पण 2- प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त किए जाने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**अनुबंध-II**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पदनाम | : | सहायक अधीक्षक |
| 2. | रिक्त पदों की संख्या | : | एक |
| 3. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा,<br>समूह-'ख' (अराजपत्रित) |
| 4. | मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. | वेतनमान | : | 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में लेवल-7 |
| 6. | भर्ती की पद्धति | : | प्रतिनियुक्ति/प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति) |
| 7. | पात्रता की शर्तें | : | |

**प्रतिनियुक्ति तथा प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति):**

केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधिकारी:-

**(क)** (i) जो मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारी हों; अथवा

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6 अथवा समतुल्य वेतनमान में नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो; और

**(ख).** निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखता हो, अर्थात:-

(i) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान में रोकड़ और लेखा कार्य में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो; अथवा उसके समतुल्य, और

(ii) रोकड़ और लेखा, बजट और लेखापरीक्षा कार्य में दो वर्षों का अनुभव।

टिप्पण 1: वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6 (35,400-1,12,400/-रु.) में विभागीय सहायक (बाह्य), जिनकी प्रवर्ग में पांच वर्षों की नियमित सेवा हो और जो प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हों, उनके संबंध में भी बाहरी व्यक्तियों के साथ भी विचार किया जाएगा और यदि उनका चयन इस पद पर नियुक्ति हेतु होता है, तो यह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

टिप्पण 2: केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति के तुरंत पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त किए जाने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पदनाम | : | अपर बजट अधिकारी |
| 2. | रिक्त पदों की संख्या | : | एक |
| 3. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा,<br>समूह-'क' (राजपत्रित), अनुसचिवीय |
| 4. | मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. | वेतनमान | : | 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स में लेवल-12<br>(78,800-209200/-रु.) |
| 6. | भर्ती की पद्धति | : | प्रतिनियुक्ति तथा प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति) |
| 7. | पात्रता की शर्तें | : | |

**प्रतिनियुक्ति तथा प्रोन्नति (संयुक्त पद्धति):**
केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्रों के अधीन अधिकारियों में से:-
**(क)** (i) जो मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारी हों; अथवा
(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 अथवा समतुल्य वेतनमान में नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो; और

**(ख).** सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) द्वारा संचालित रोकड़ और लेखा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो और बजट एवं लेखा पद्धतियों और प्रक्रियाओं में तीन वर्ष का अनुभव;
अथवा
**केंद्रीय सरकार के अंतर्गत किसी भी संगठित लेखा सेवा के अधिकारी,-**

**(1)** (i) जो मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारी हों; अथवा
(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 (67,700-208,700/-रु.) अथवा समतुल्य वेतनमान में नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो;

टिप्पण 1: वेतन मैट्रिक्स में लेवल-11 (67,700-208,700/-रु.) में विभागीय उप-निदेशक (बजट और लेखा) जिनकी इस ग्रेड पर पांच वर्ष की नियमित सेवा हो और जो अपेक्षित अर्हताएं एवं प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित अनुभव रखते हों, उनके संबंध में भी बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और यदि उनका चयन पद पर नियुक्ति हेतु होता है, तो यह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

टिप्पण 2: केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति के तुरंत पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया चार वर्षों से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त किए जाने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**प्रपत्र**

1. आवेदित पद का नाम
2. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में)
3. जन्म तिथि
4. केंद्रीय सरकार के नियमों के अधीन सेवा-निवृत्ति की तारीख
5. शैक्षणिक अर्हताएं
6. क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं? (यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष मानी गई है तो उसके लिए प्राधिकार का उल्लेख करें)

| अपेक्षित अर्हता/अनुभव | धारित अर्हता/अनुभव |
|---|---|

7. कृपया स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि आपके द्वारा दी गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के आधार पर क्या आप इस पद की अपेक्षाएं पूरी करते हैं?
8. रोजगार का कालक्रमानुसार विवरण (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत रूप से प्रमाणित अलग पृष्ठ संलग्न करें)

| मंत्रालय/विभाग | धारित पद | से | तक | वेतन मैट्रिक्स में लेवल और मूल वेतन | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|

---

9. वर्तमान रोजगार का स्वरूप, अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्ध-स्थायी अथवा स्थायी

10. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति आधार/संविदा आधार पर है तो कृपया उल्लेख करें:

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि

(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं

11. वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त ब्यौराः
कृपया उल्लेख करें कि आप किसके अधीन कार्यरत हैं:

(क) केंद्रीय सरकार
(ख) राज्य सरकार
(ग) स्वायत्त संगठन
(घ) विश्वविद्यालय
(इ) अन्य

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं?
यदि हां, तो संशोधन की तारीख और संशोधन-पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं।

13. वर्तमान में प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियां

14. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबद्ध हैं

15. अन्य सूचना, यदि कोई हो

16. अभ्युक्तियां, यदि कोई हो

दिनांकः
स्थानः

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**पता**.................................................
.................................................

आवेदक द्वारा दिए गए सेवा विवरणों का सत्यापन सेवा अभिलेखों के संदर्भ से कर लिया गया है और उन्हें सही पाया गया है।

**सक्षम प्राधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर**